## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंग्रेजी माध्यम स्कूल में संविदा शिक्षक पदों के साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि में आंशिक संशोधन

**रायगढ़ ।** अंग्रेजी माध्यम शास.सरदार वल्लभ भाई पटेल उ.मा.वि.न.पा.नि. रायगढ़ में संविदा शिक्षक पदों के लिए साक्षात्कार हेतु दिनांक 17, 18 जुलाई एवं 27 जुलाई को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर अब आगामी तिथि 29 जुलाई 2020 को व्याख्याता, सहा.शि.विज्ञान प्रयोगशाला, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च वर्ग शिक्षक एवं दिनांक 29 जुलाई 2020 को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल का साक्षात्कार स्थल सृजन कक्ष कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ तथा 29 जुलाई को कम्प्यूटर प्रशिक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-3 का कम्प्यूटर कौशल परीक्षा स्थल कलेक्ट्रेट सृजन कक्ष में निर्धारित की गई है। साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा हेतु वरिष्ठता क्रम में अभ्यर्थियों को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जावेगी।

### जिला न्यायालय के ग्रंथालय में रखी अनुपयोगी पुस्तकों की नीलामी 31 जुलाई को

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय के ग्रंथालय में रखी दीमकग्रस्त पुस्तकों की नीलामी 31 जुलाई 2020 को दोपहर 2 से 3 बजे के मध्य जिला न्यायालय रायगढ़ परिसर में की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता अपनी स्वयं की पहचान संबंधी आधार कार्ड एवं उसकी छायाप्रति साथ लेकर आयेंगे। नीलामी की जाने वाली संपत्ति का वजन नीलामी दिनांक को क्रेताओं के समक्ष की जाएगी। पुस्तके जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में नीलाम किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ के कनिष्ठ प्रभारी अधिकारी ग्रंथालय अनुभाग से संपर्क कर सकते है।

### कोतरा रोड रेलवे फाटक पूर्वान्ह 11 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा

**रायगढ़।** द.पू.म.रेलवे रायगढ़ के सहायक मंडल अभियंता ने शहरवासियों को जानकारी देते हुए बताया है कि 19 से 22 जुलाई 2020 के पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5 बजे तक रायगढ़ व किरोड़ीमलनगर के बीच स्थित कोतरा मानवयुक्त समपार फाटक क्रमांक-289, कि.मी.588/13-15 में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। जनसामान्य इस दौरान जिंदल अंडर पास के नीचे की सड़क का उपयोग कर सकते है।

### आईटीआई में अनुपयोगी सामग्रियों की नीलामी के 31 जुलाई को

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में उपलब्ध आयरन एवं अन्य स्क्रेप सामग्री की नीलामी के लिए 31 जुलाई 2020 अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जावेगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### वन अधिकार पत्र के लिए आवेदन करने की तिथि में आंशिक संशोधन

**रायगढ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता)अधिनियम, 2006 एवं नियम 2007 तथा संशोधित नियम 2012 के क्रियान्वयन हेतु व्यक्तिगत वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत पात्रता अनुसार वन अधिकार पट्टे वितरित करने हेतु समय-सीमा तैयार की गई है। जिसके तहत ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से आवेदन पत्र संग्रहित करने की तिथि पूर्व में 21 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब 25 जुलाई 2020 निर्धारित की गई है। अतएव वन अधिकार पत्र के संबंध में आवेदकों से 25 जुलाई 2020 तक आवेदन प्राप्त किये जा सकते है तथा आगे की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। शासन के निर्देशानुसार 9 अगस्त 2020 के पूर्व कार्यवाही पूर्ण करते हुये 9 अगस्त 2020 को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया जाना है।

## निगम द्वारा संचालित वार्ड कार्यालयों का कलेक्टर निरीक्षण करेंगे

# स्थानीय निकायों के अधिकारी पूर्व से स्वीकृत कार्य शीघ्र पूरा करावे-कलेक्टर भीम सिंह

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**

कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में रायगढ़ नगर निगम तथा जिले की समस्त नगर पालिका और नगर पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर शहरी क्षेत्र में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान, अमृत मिशन, जल आवर्धन योजना तथा आवासीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय निकायों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों के लिये पहले से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करें, क्योंकि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉक डाउन के कारण कार्यों के पूर्ण होने में विलंब हो गया है अतः निर्माण कार्यों में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण करावे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगर निगम तथा अन्य स्थानीय निकायों का शहरी क्षेत्र में प्रमुख कार्य पूर्ण





स्वच्छता अभियान का पालन शहर वासियों को स्वच्छ पेयजल और बिजली की सुचारू व्यवस्था बनाये रखना है। इसलिए सफाई अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिये और बरसात के दिनों में डेंगू की संभावना बनी रहती है अतः निगम अधिकारी अपने-अपने वार्ड के प्रत्येक घरों और कालोनियों के परिसर में जाकर निगरानी करें कि लोगों के घरों में कूलर तथा आसपास की नालियों में पानी नहीं जमा होने पाये और समय-समय पर मच्छरों से मुक्ति के लिए फागिंग मशीन से धूआं का फैलाव भी करते रहे।

समीक्षा बैठक में रायगढ़ नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यो को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि निगम क्षेत्र में 6 वार्ड कार्यालय संचालित है जहां स्थानीय नागरिक निगम से संबंधित सभी कार्य कराते है उन्हें नगर निगम मुख्यालय नहीं जाना पड़ता है, इन कार्यालयों मं भवन का नक्शा पास करने तथा पानी, बिजली संबंधी शिकायतें दूर की जाती है और संपत्तिकर तथा सफाई युजर चार्ज भी जमा कराया जाता है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि निगम द्वारा संचालित वार्ड कार्यालयों का स्वयं निरीक्षण कर वहां आम नागरिकों के लिए किये जा रहे कार्यो का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारी-कर्मचारी शहर के सभी घरों में कचरा कलेक्शन वाहन भेजना और सफाई यूजर चार्ज वसुल करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने शहर के कितने घरों से यूजर चार्ज वसूला जा रहा है इसकी वार्डवार जानकारी तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सफाई यूजर चार्ज का पूरा पैसा निगम को प्राप्त होना चाहिये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति के लिए गर्मी के दिनों और सामान्य दिनों में टेंकर द्वारा किये जाने वाली जल आपूर्ति की जानकारी लेते हुए अमृत मिशन योजना का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने जिले सभी नगर पंचायतों के अधिकारियों से उनके क्षेत्र की समस्याओं तथा जनसंख्या की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके शहरी क्षेत्रों में भी गौठान संचालित किया जाना है। जहां जमीन मिलने में कोई समस्या आ रही है वहां क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क कर गौठान निर्माण के लिए जमीन चिन्हांकित करें। कलेक्टर सिंह ने आगामी हरेली पर्व (20 जुलाई) से गोधन न्याय योजना प्रारंभ होने के बारे में कहा कि इस योजना के तहत पशुपालकों तथा गोबर विक्रेताओं की जानकारी तैयार की जायेगी और शासन के आदेशों के अनुसार पशुओं की गणना तथा अन्य दिशा-निर्देशों दिया गया है।

## बरसात के दिनों में सड़कों के गड्ढो का मरम्मत शीघ्र करावे-कलेक्टर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।**

कलेक्टर श्री भीम सिंह ने कल धरमजयगढ़ प्रवास के दौरान सड़क मार्ग में वाहनों की व्यस्त आवाजाही और भारी वजन लेकर चलने वाले वाहनों के कारण सड़कों में निर्मित गड्ढों का मरम्मत शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि गांवों के बीच से होकर गुजरने वाली सड़कों के दोनों किनारे स्लेग तथा अन्य आवश्यक सामग्री का भराव करके सड़कों का शीघ्र मरम्मत कराये जाने और जामपाली से कुसुमगढ़ और बरौद से बरमकेला तक की सड़क में अच्छे ढंग से मरम्मत कार्य कराये जाने के निर्देश दिऐ उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में एसईसीएल (साउथ इस्टर्न कोल लिमिटेड) सहित अन्य उद्योगों के वाहन भारी लोड लेकर गुजरते है इसलिए संबंधित उद्योगों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों से एसडीएम के माध्यम से आवश्यक सहयोग लेकर सड़क मरम्मत करावे ताकि सभी लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध हो सके और दुर्घटना की संभावना न रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने रिहायसी क्षेत्रों में सड़कों पर जल जमाव न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर डीएफओ धरमजयगढ़ श्री मणिवासन एस, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, सहायक आयुक्त श्री जितेन्द्र गुप्ता, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री नंदकुमार चौबे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शास.उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 22 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।**

तमनार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सराईपाली एवं गदगांव तथा घरघोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमघाट, नवागढ़, छर्राटांगर, छोटे गुमड़ा एवं पोरडा सहित कुल 7 स्थानों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए इच्छुक ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट अद्रुम एवं वन सुरक्षा समिति से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक समूह एवं संस्था अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, घरघोड़ा में 22 जुलाई 2020 तक प्रातः 10.30 से शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक समूह एवं संस्था का आवेदन मंगाए गए घरघोड़ा राजस्व अधिकारी एव शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करने के लिए कहा गया है।

## मुख्यमंत्री भुपेश भघेल ने रायगढ का बढ़ाया मान

### जो कभी नही हुआ वह कर दिखाया,

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।**

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही हमारे जिले के गौरव छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र खरसिया विधानसभा के लाडले विधायक माननीय उमेश नन्दकुमार पटेल जी को कैबिनेट मंत्री में स्थान देकर रायगढ का मान बढ़ाया गया था वही मध्य आदिवासी प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में धरमजयगढ़ के लाडले विधायक लालजीत सिंह राठिया जी की ताजपोशी भी की गई थी ।**

उसके बाद आज पुनः रायगढ़ को मिला सौगात

अब रायगढ़ जिले की पहचान छत्तीसगढ़ में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि जिले में एक केबिनेट मंत्री, प्राधिकरण अध्यक्ष, दो प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं एक मंडल सदस्य नियुक्त किये गए है । छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों को



ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित जाति प्राधिकरण एवं मण्डल की नियुक्तियो में सबका ध्यान रखा गया वहीं रायगढ के लिए गौरव की बात रही कि पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में रायगढ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक की ताजपोशी हुई, वही सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगडे को अनुसूचित जाति प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया साथ ही सारंगढ़ की पूर्व विधयाक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती पदमा घनश्याम मनहर को राज्य अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य के रूप में ताजपोशी की गई । इस तरह से रायगढ़ जिले को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने गौरान्वित किया है क्योंकि आज से पहले रायगढ को इतनी बड़ी उपलब्धि कभी नही मिली थी जो आज मिली है। इसके लिए हमारे छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र खरसिया विधानसभा के लोकप्रिय और लाडले विधायक उमेश नन्दकुमार कुमार पटेल जी ने अहम भूमिका निभाते हुए आज छत्तीसगढ़ में रायगढ की अलग ही पहचान बनाई है । जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री व नगर निगम सरकार के शिक्षा विभाग प्रभारी संजय देवांगन ने कहा कि आज पूरा रायगढ़ जिला गौरान्वित है इस उपलब्धि से माननीय मुख्यमंत्री भुपेश भघेल जी को कोटि कोटि आभार व्यक्त करते हैं कि वो छत्तीसगढ़ में रायगढ़ की पहचान सुनहरे अक्षरों से लिख दिए आज तक रायगढ़ को जो नही मिला था वो सारी उपलब्धियां हमें मिल गया।


## चुनौतियों से बिना हारे, जारी है शिक्षकों का लाईव क्लास, अब बच्चों को घर में ही मिलेगी शिक्षा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**

**कलेक्टर श्री भीम सिंह की विशेष पहल और हर्ष चैनल के सहयोग से कोरोना की इन विषम परिस्थितियों में बच्चों तक ज्ञान की अविरल धारा को प्रवाहित करने का बीड़ा उठाये शिक्षकों का प्रयास सतत् रूप से जारी है।**

कनेक्टिविटी एवं डेटा की समस्या, केबल की ग्रामीण अंचलों तक पहुँच जैसी तमाम चुनौतियों एवं समस्याओं के बीच भी अपने कर्त्तव्य पथ से विचलित हुए बिना शिक्षक लगातार अपने शिक्षकीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे है।

रायगढ़ जिले में केबल टीवी के माध्यम से लाइव क्लासेस के इस



अभिनव पहल से प्रेरित होकर देश के एक अन्य राज्य तमिलनाडु में भी रायगढ़ जिले के इसी नवाचार का अनुसरण किया जा रहा है और यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की तरह होता जा रहा है। शिक्षकों का यह अभिनव प्रयास इस कठिन दौर में सकारात्मक साबित भी हो रहा है। दुर्गा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्थानीय हर्ष चैनल के माध्यम से दिनांक 21 जुलाई से 14 अगस्त तक कि समय सारणी भी घोषित कर दी गई है। जिसमें कक्षा 5 वीं से 8 वीं तक सप्ताह में 2 दिन शुक्रवार और शनिवार को लगभग 16 शिक्षक-शिक्षिकाएं शाम 4 बजे से 6.55 बजे तक एवं कक्षा 9 से 12 तक सोमवार से गुरुवार तक 16 शिक्षक-शिक्षिकाएं लाइव क्लासेस के माध्यम से शिक्षा का अलख जगा रहे हैं।

## मेकाहारा में स्थापित ब्लड सेपरेटर मशीन शुरू करवाने की मांग -चेंबर

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ इकाई ने रायगढ़ जिलाधीश का ध्यान आकर्षित कर निवेदन करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है कि विगत तीन-चार साल से मेकाहारा में स्थापित ब्लड सेपरेटर मशीन को तत्काल शुरू करवाया जावे। चेंबर ने ज्ञापन में कहा है कि पिछ्ले तीन-चार वर्षो से रायगढ़ में बारिश के दिनों में डेंगू का खतरा बना रहता है इस डेंगू ज्वर से रायगढ़ में जनहानि भी हुई है। हर बार इसी समय में जब डेंगू बढ़ता है तो मरीजों को निजी चिकित्सकों और निजी अस्पताल के भरोसे ही रहना पड़ता है।कई मरीजों को रायपुर भी भेजा जाता है। क्योंकि मेकाहारा में स्थापित ब्लड सेपरेटर मशीन का लोकार्पण नहीं हो पाया है। और यह 3 - 4 सालों से इसी तरह बंद पड़ी है जिसके कारण न तो रायगढ़ वासी इसका लाभ उठा पा रहे हैं और न हीं उन्हें महंगे निजी चिकित्सा के बिलों से मुक्ति मिल पा रही है। और इस तरह बंद पड़ी यह मशीन भी धीरे-धीरे कबाड़ हो जाएगी और लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। उल्लेखनीय है कि डेंगू के दौरान मरीज के ब्लड में प्लेटलेट्स कम होने की वजह से उसे चढ़ाये जाने के लिये ब्लड से उसे अलग करने हेतु इस मशीन का उपयोग किया जाता है प्रति वर्ष समाचार पत्रों के माध्यम से हमारे द्वारा यह मांग उठायी जाती रही है परन्तु अभी तक प्रशासन ने इस पर गंभीरता पूर्वक कोई कार्यवाही नहीं की है। चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल एक्शन कमेटी अध्यक्ष बजरंग महमिया ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वर्तमान मौसम को देखते हुए तत्काल इस मशीन को प्रारंभ करवाया जावे ताकि यदि इस कोरोना काल में डेंगू का भी प्रकोप सामने आता है तो रायगढ़ के नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। कोरोना काल में डेंगू मरीजों और उनके परिजनों का रायपुर आना जाना वहां के अस्पतालों से इलाज के बाद वापस आने पर यहाँ भी खतरा बढ़ सकता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480